रणजीत टाइम्स
इंदौर
सोमवार, 16 जून, 2025
वर्ष 01 | अंक 154 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# ड्रेनेज में डूबी विकास की तस्वीर टैक्स पूरा, सुविधा अधूरी!

## वोटर 90%, सुविधा 0% – बीजेपी गढ़ में बह रहा गंदा पानी

### इंदौर का अंधा सिस्टम:
### कॉलोनियों में गंदगी, ड्रेनेज लाइन ग़ायब मुख्यमंत्री से मंत्री तक सब मौन – मानवता और सर्वसम्पन्न नगर की चीख़ें कौन सुनेगा?

**राजेश धाकड़**

इंदौर – एक तरफ़ इंदौर देश का 'सबसे स्वच्छ शहर' कहलाता है, दूसरी ओर उसी शहर की दो प्रमुख कॉलोनियाँ – मानवता नगर और सर्वसम्पन्न नगर – प्रशासनिक उपेक्षा और आधारभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रही हैं। यहां विकास नहीं, बदबूदार पानी बह रहा है। सड़कों की जगह सीवर की गंध है, और सपनों की कॉलोनियां अब नारकीय हालात में तब्दील हो चुकी हैं।

यहां की सुबह न सूरज से शुरू होती है, न चाय से – बल्कि बहते गंदे पानी और उठती दुर्गंध से। इन बस्तियों में न समुचित नालियां हैं, न ड्रेनेज की कोई योजना। गटर लाइन तो जैसे निगम की प्लानिंग से ही नदारद है। समस्या उठाने पर रहवासियों को अपनी जेब से खर्च करके टैंकर बुलवाना पड़ता है। और हैरानी की बात यह है कि ये टैंकर भी निगम-ठेकेदार गठजोड़ का हिस्सा हैं – जिससे निगम को पैसा तो मिलता है, पर सुविधा जनता को नहीं।

### सवाल निगम से:

टैक्स समय पर क्यों वसूला जाता है, जब सुविधाएं नहीं दी जा रहीं?

क्या 'स्वच्छता रैंकिंग' ही साफ़ शहर की पहचान है या जमीन पर रह रहे लोग भी मायने रखते हैं?

क्या केवल विज्ञापनों में ही स्वच्छ भारत मिशन जीवित रहेगा?

### जवाब कौन देगा?

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री एवं इंदौर के प्रभारी मंत्री – क्या आपकी नज़र इन कॉलोनियों तक पहुँचेगी?

कैलाश विजयवर्गीय, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री – क्या आप इन कॉलोनियों में स्थायी समाधान का वादा करेंगे?

निगम कमिश्नर एवं कलेक्टर, जिनके नेतृत्व में इंदौर ने स्वच्छता में कई पुरस्कार जीते – क्या यह बदहाल इलाका आपकी सूची में शामिल भी है?

### कॉलोनाइज़र पर क्यों नहीं जिम्मेदारी तय?

इन कॉलोनियों को विकसित करने वाले कॉलोनाइज़रों ने प्लॉट बेच दिए, लेकिन बुनियादी सुविधाएं देना भूल गए। क्या सिर्फ मुनाफा लेकर कॉलोनाइज़र मुक्त हो जाते हैं? या फिर इसमें कोई राजनीतिक संरक्षण की परतें भी छुपी हैं?

### क्या अब जनता ही उठाएगी सरकार का बोझ?

यह सवाल हर रहवासी के दिल में है – क्या अब भी हमें ही पैसा जोड़कर पाइपलाइन बिछानी होगी? अगर हां, तो फिर





सरकार, निगम और नेताओं की क्या भूमिका बचती है?

### और सबसे बड़ा सवाल:

क्या यह मुद्दा फिर सिर्फ चुनावी भाषणों तक सीमित रहेगा, या अब कोई ठोस कार्रवाई भी होगी?

# विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल".!!




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 सफल वर्षों की उपलब्धियों को समर्पित "विकसित भारत संकल्प सभा" संपन्न भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव ने उपयुक्त जानकारी देते हुए बताया कि विगत 11 वर्षों में भारत ने असाधारण ऊंचाइयों को छुआ है—चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से लेकर किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, वरिष्ठ नागरिकों और समाज के हर वर्ग के कल्याण हेतु ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सेवा, सुशासन और समावेशी विकास का यह यशस्वी कालखंड भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में निरंतर अग्रसर कर रहा है। कार्यक्रम में जिले से पधारे सीए मनोज जोशी ने विस्तृत रूप में देश की अर्थव्यवस्था से लेकर वर्तमान परिदृश्य पर विस्तृत में चर्चा की कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मंडल कोदरिया के ग्राम पंचायत मलेंडी में संपन्न हुआ जिसमें प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्री कंचनसिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रीता उपमन्यु, सीए मनोज जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव ने भी विस्तृत में चर्चा की इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी सुनील यादव, जिला मंत्री सुभाष पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य वर्मा सिंह, अजजा जिला अध्यक्ष जय कोहली, मंडल महामंत्री तुलसीराम बनारसी, अजय कैथवास, ललिता निनामा, आनंदीलालविश्वकर्मा, घनश्याम बडियार, श्याम केलोत्रा, इंदौर तंवर, संगीता तंबोली, सविता कौशल, संतोष सेठ, शंकर तवर, सुषमा गौतम, सरपंच लक्ष्मण सिंगारे, मुकेश बारिया, जालम नायक, प्रद्युम यादव, जीवन गुर्जर, भूवानसिंह गुर्जर, प्रेम कटारे, अर्जुन राजावत, लीला पांडे, भारती दीदी, कौशल्या राजोरा, श्यामलाल गहलोत, धारासिंह मकवाना, विवेक चौधरी, जगदीश नायक, सुभाष नायक, कैलाश नायक, दीपेश बनारसी, सीताराम मेवाड़ा, विनोद चौधरी, मोहन खराड़ी, रामपाल छारेल, अमन बनारसी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन भगवान दास बनारसी ने किया आभार ग्राम पंचायत मलेंडी के सरपंच राकेश जमरा ने माना।

## नौ नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित, मतदान 7 जुलाई को

**दीपक तोमर**

खरगोन।मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 9 नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिये मतदान 7 जुलाई 2025 को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 16 जून से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 23 जून, 2025 तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 जून है। इसी दिन अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जायेगा। मतदान 7 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी।नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7, नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड 11, नगर परिषद सांवेर के वार्ड 7, गौतमपुरा के वार्ड 15, ककरहटी के वार्ड 13, बिछिया के वार्ड 13, खांड के वार्ड 8, न्यूटन चिखली के वार्ड 4 और नगरपरिषद भीकनगाँव के वार्ड 5 में पार्षद पद के लिये उप निर्वाचन होगा।

# थाना खजराना की एक और बड़ी कार्रवाई – ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार

राजेश धाकड़




इंदौर। थाना खजराना पुलिस ने नशे के खिलाफ मुहिम में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने रंगून गार्डन, एमआर-10 रोड खजराना क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 8.8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 80,000 बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी गोलू उर्फ अकबर पिता दिलावर शेख (उम्र 27 वर्ष) निवासी तंजीम नगर, खजराना, इंदौर है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्वयं भी नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए सस्ते दामों पर ब्राउन शुगर खरीदकर, अन्य नशे के शिकार लोगों को महंगे दामों पर बेचता था। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल अन्य साथियों के बारे में जानकारी ली जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक से लेकर थाना प्रभारी तक सक्रिय

इंदौर में मादक पदार्थों की तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस आयुक्त श्रीमान संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह, डीसीपी झोन-2 श्री हंसराज मीणा, एडीसीपी झोन-2 श्री अमरेन्द्र सिंह तथा एसीपी खजराना श्री कुंदन मंडलोई द्वारा प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने एक विशेष टीम गठित की, जिसने गुप्त सूचना के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए यह कार्रवाई की।

टीम में इन अधिकारियों की सराहनीय भूमिका रहीः निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, उप निरीक्षक अनिल गौतम, संदीप पटेल, सहायक उप निरीक्षक राकेश परमार, प्रधान आरक्षक अशोक रघुवंशी, रामकृष्ण रघुवंशी, पंकज सांवरिया, अजीत यादव, आरक्षक प्रदीप सूर्यवंशी एवं शुभम सिंह।

# श्री अकादमी के विद्यार्थियों की अद्वितीय उपलब्धि,4 मेधावी विद्यार्थी सुदर्शन,मयूर,सुधांशु,कुमारी श्री पाटीदार का मध्यप्रदेश की मां तुझे प्रणाम योजना में चयन




ग्राम कोदरिया स्थित विद्यालय श्री अकादमी के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का मध्य प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना मां तुझे प्रणाम के अनुभव यात्रा के लिए चयन किया गया है।इंदौर जिले के इन सभी विद्यार्थियों का अलग-अलग क्षेत्र में मेधावी होने के लिए चयन किया गया है। जिसमें सुदर्शन पाटीदार राष्ट्रीय पदक विजेता बेसबॉल खिलाड़ी, मयूर पाटीदार मेधावी विद्यार्थी छात्रवृत्ति प्राप्त विद्यार्थी,राज्यस्तरीय खिलाड़ी, सुधांशु केलोत्रा राष्ट्रीय जंबूरी में मध्यप्रदेश बैंड दल के नेतृत्वकर्ता स्काउट एवं कुमारी श्री पाटीदार राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय गो गेम ,कबड्डी,गोला फेंक में पदक विजेता खिलाड़ी,इंस्पायर अवार्ड की 3 छात्रवृत्ति प्राप्त बाल वैज्ञानिक एवं राष्ट्रीय गाइड होने से अनेक प्रतिभागियों में से इस योजना के लिए चयनित किया गया। इस योजना में विद्यार्थियों को भारत की सांस्कृतिक धरोहर,दर्शनीय स्थल, देश की बॉर्डर्स और अनेक ऐसे स्थानो का मध्य प्रदेश शासन के द्वारा अनुभव यात्रा हेतु निशुल्क भ्रमण कराया जाता है। सभी चयनित विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए केंदीय मंत्री सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार,क्षेत्रीय विधायक सुश्री ऊषा जी ठाकुर,बी ई ओ सुश्री दीपशिखा अचाले,बीआरसीसी अनुराग भारद्वाज, संकुल प्राचार्या सुधा पटेल,जनपद पंचायत अध्यक्ष सरदार मालवीय, नगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल,महेश बागड़ी,सरपंच सतीश डावर,जनपद प्रतिनिधि सुनीता लाहौरे,ललिता निनामा,अखिल भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश खंडेलवाल,बालमहोत्सव समिति के सदस्य कमलेश मिश्रा ,पत्रकार विजय जी विजयवर्गीय,डॉ. सत्यम सम्राट,वरिष्ठ खिलाड़ी संगठन के अध्यक्ष कैलाश दत्त पांडे ,संजय शर्मा,विशाल शर्मा, गौरव शर्मा भारत स्काउट एवम गाइड के राज्य उपाध्यक्ष,रमेश अग्रवाल, एएसओसी धीरज सोनी,मनीष अग्रवाल,जिला काउंसलर कुणाल मिश्रा, ब्लॉक सचिव नारायण चौहान ,राकेश पंडित,स्काउट मास्टर नारायण दत्त,आर्य समाज से राधेश्याम जी आर्य,राधेश्याम बियानी,रामलाल प्रजापति ,पाटीदार समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल जी आर्य ,कैलाश कोटवाल,पूनमचंद जी लिंबोदिया , मिश्रीलाल सुले,समाज के जिले के मुख्य,महिला एवं युवा संगठन के जिलाध्यक्ष बलराम पाटीदार ,प्रेमा पाटीदार,कमलेश पाटीदार,गोवर्धन नारोलिया,कपिल पाटीदार, पुरुषोत्तम मुकाती,गणेश कंप्यूटर, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट के अध्यक्ष आकाश पाल,मुकेश शर्मा ,अमित शुक्ला,नीरज शर्मा,प्रवीण कांबले, विजय पाटीदार,स्कूल डायरेक्टर राजेश पाटीदार , प्राचार्या हेमलता पाटीदार एवं स्कूल के शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर बधाई प्रेषित की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अधूरी पुलिया बनी ग्रामीणों की मुसीबत, बारिश से रास्ता दलदल में बदला-जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी





महू, अंबाचंदन/भगोरा,: गांव भगोरा से अंबाचंदन को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग इन दिनों ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। इस मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया अधूरी पड़ी हुई है, और वैकल्पिक रूप से बनाया गया कच्चा रास्ता हाल की बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गया है। शुक्रवार रात हुई बारिश के कारण पूरा रास्ता दलदल बन गया, जिससे शनिवार सुबह से आमजन और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन फंस गए और लोग घंटों तक जूझते रहे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि PWD (लोक निर्माण विभाग) और निर्माण एजेंसी (ठेकेदार) की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी है। समय रहते कोई वैकल्पिक व पक्का डायवर्जन मार्ग नहीं बनाया गया, जिससे बारिश में रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया है। स्थिति की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हुकम सिंह अंजना एवं जनपद सदस्य अशोक आंजना ने स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार से तत्काल रास्ते पर मुरूम डलवाकर रास्ता दुरुस्त कराने की बात कही।

जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जब पुलिया गिर गई थी और नए निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, तभी PWD और ठेकेदार को नाले में पाइप डालकर एक मजबूत डायवर्जन मार्ग बनाना चाहिए था। लेकिन लागत बचाने के लिए यह आवश्यक कार्य नहीं किया गया, जिसका नतीजा अब ग्रामीण भुगत रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मार्ग को सुधारा नहीं गया और निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई, तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों की मांग है कि या तो निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए या फिर नाले पर पाइप डालकर एक अस्थायी रपट बनाई जाए ताकि बारिश के दौरान आवागमन बाधित न हो।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से धोखाधड़ी करने वाला 10 हजार का इनामी गुजरात राज्य का शातिर आरोपी क्राईम ब्रांच इंदौर की कार्यवाही में गिरफ्तार

## फरियादी सहित कई लोगों के साथ करीब 82 लाख रुपए की है धोखाधड़ी।

इंदौर विकास प्राधिकरण के फ्लैट दिखाकर आवेदकों को उनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् फ्लैट दिलाने का झूठ बोलकर की थी धोखाधड़ी। आरोपी अपना नाम एवं शहर बदल–बदल कर करता था धोखाधड़ी। आरोपी OLX के माध्यम से रूम्स किराए पर ढूंढता था, फिर रूममेट और उसके परिजनों को बनाता था ठगी के लिए टारगेट। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट बलाकर के अपराध है पहले से पंजीबद्ध।




अपराध क्रमांक – 61/2025 धारा- धारा 318(4), 316(2) 336, 338, 340 BNS

शिकायतकर्ता – चंदन पाटिल, नमन सहित करीब 15 आवेदक

आरोपी का नाम :– आरोपी (1). जतीन भाई मानिया उर्फ दीपक तुरकर उर्फ शैलेश उर्फ नीरज पटेल उर्फ ए. के. पटेल उर्फ संदीप पटेल आयु 33 वर्ष, स्थाई पता जिला भावनगर गुजरात, वर्तमान पता– जिला सूरत (गुजरात) ▪ आरोपी 12 तक पढ़ाई गुजरात से किया हुआ है, आरोपी के द्वारा olx एवं 99 एकड़ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से पर रूम तलाश करता था फिर लोगों के साथ रूम में रहते हुए आरोपी ने फरियादियों को कहा कि इन्दौर नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिल्डिंग बनाई जा रही है उनके फ्लेट अलॉटमेंट/ बुकिंग /सेल्स का टेंडर हमारी कम्पनी Maniya The business empire कंपनी है को मिला है, अगर इन्दौर में फ्लेट खरीदना है तो मुझे बताना मैं तुम्हारा फ्लेट अपनी कम्पनी के माध्यम से सस्ते मे करवा दूँगा और झूठे विश्वास में लेकर सतपूडा परिसर सुपर कारिडोर और अरावली परिसर भूरी टेकरी पर बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट दिखाकर फ्लेट दिलाने के नाम से ठगी करना कबूला है। आरोपी के द्वारा पूर्व में अहमदाबाद में RTO अधिकारी बन लोगो के साथ 10 लाख धोखाधड़ी की है, मुंबई में नगर निगम में नौकरी दिलाने के नाम से 20 लाख धोखाधड़ी काबुली, उक्त के संबंध में आरोपी के विरुद्ध अहमदाबाद, मुंबई में धोखाधड़ी की जांच की जा रही है साथ ही बलात्कार एवं आर्म्स एक्ट का अपराध भी पहले से पंजीबद्ध होना कबूला•

घटना का विवरण :- फरियादी चन्दन पता- इन्दपुरी कालोनी, भंवरकुआ, स्थाई पता जिला हरदा, ने शिकायत की थी जिसमें फरियादी ने बताया कि उनके रुम पार्टनर (अज्ञात) आवेदक दीपक जिला बालाघाट जिसके द्वारा मुझे बताया गया कि, मै प्रधानमंत्री आवास योजना की ठेकेदारी का कार्य करता हूँ। जिसमें मुझे फ्लेट बिकवाने के नाम पर रुपये लगाने का बोलकर प्रोफिट का बताया तथा उसने अपने फर्म मान्या द बिजनेस एम्पायर के नाम से बताया जिसका आफिस सुरत में बताया था। जिसकी रसीद भी दी जाती है और तुम फ्लेट नहीं लेते हो तो तुम्हे फ्लेट के बदले इसमें जो प्रॉफिट प्राप्त होगा वह तुम्हे दे दूंगा। किन्तु बाद में अन्य लोगो को भी इस योजना में जोडा गया जो कि, मेरे दोस्त थे जिनमें नमन चौधरी मोहित बाके, सौरभ पाटिल, गिरिश मेडा सहित कई लोगों के साथ करीब 82 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है।

जिसपर थाना अपराध शाखा जिला इंदौर में अपराध क्रमांक 61/2025 धारा 316(2), 318(4), 336, 338, 340 BNS के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त प्रकरण में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10 हजार के इनाम की उद्घोषणा कर क्राईम ब्रांच की टीम के द्वारा शातिर आरोपी (1). जतीन भाई मानिया उर्फ दीपक तुरकर उर्फ शैलेश उर्फ नीरज पटेल उर्फ ए. के. पटेल उर्फ संदीप पटेल आयु 33 वर्ष, स्थाई पता जिला भावनगर गुजरात, वर्तमान पता– जिला सूरत (गुजरात) की तकनीकी जानकारी प्राप्त कर गुजरात राज्य से आरोपी को पकड़ा। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ करते OLX एवं 99 एकड़ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से रूम्स ज्ञात कर कि वह स्थान बदल–बदल कर रूम पार्टनर बनकर प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के तहत् फ्लैट्स दिलाने एवं RTO अधिकारी बताकर कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की वारदात करना कबूला। आरोपी के द्वारा फरियादी एवं इंदौर के अन्य आवेदकों को अपना फर्जी नाम बताया और प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से IDA एवं शासकीय योजना के बने फ्लैट्स दिखाकर धोखाधड़ी करना कबूला है, आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड प्राप्त करने सहित प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।





आदरणीय कैलाश जी भंवर जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाए



रणजीत टाइम्स परिवार आप के अच्छे स्वास्थ एवं दीर्घ आयु की कामना करता है।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, सोमवार 16 जून 2025


# "पिता – छांव भी, छाया भी"

हर साल जून का तीसरा रविवार पिता के नाम किया जाता है, लेकिन एक पिता का जीवन हर दिन अपने बच्चों के नाम होता है। जब हम मां की ममता की बात करते हैं, तो पिता का तपस्वी प्रेम अक्सर परदे के पीछे रह जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि पिता उस नींव की तरह होते हैं, जिस पर पूरी जिंदगी की इमारत खड़ी होती है। पिता वो हैं जो खुद धूप में चलते हैं ताकि बच्चों को छांव मिल सके। वो कम बोलते हैं, पर हर ज़रूरत को बिन कहे समझ जाते हैं। वो अपनी ज़रूरतों को दबाकर बच्चों की ख़्वाहिशों को पूरा करते हैं।

पिता सख्त दिखते हैं, लेकिन दिल के सबसे नरम कोने में रहते हैं। आज के दौर में जब हम आधुनिकता और व्यस्तता में रिश्तों को समय नहीं दे पाते, तब फ़ादर्स डे एक अवसर बनता है – उस खामोश नायक को शुक्रिया कहने का, जिसने हमारे लिए अपनी दुनिया सीमित कर दी।




एक पिता सिर्फ पालनकर्ता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, रक्षक और प्रेरणा का स्तंभ होते हैं। उनका साथ भले ही शब्दों में कम दिखे, लेकिन उनकी मौजूदगी जिंदगी की सबसे बड़ी ताकत होती है। आज इस पिता दिवस पर आइए, हम सिर्फ एक उपहार नहीं, एक वादा दें – कि हम उनकी भावनाओं को समझेंगे, उनके त्याग को सराहेंगे और हर दिन उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश करेंगे। "पिता सिर्फ रिश्ता नहीं, एक अहसास है – जो जीवन भर हमारे साथ चलता है।"

**पिताओं को सलाम!**
**गोपाल गावंडे, प्रधान संपादक,**
**रणजीत टाइम्स**

---

### सहज योग केंद्र

## आध्यात्मिक ज्ञान की निशुल्क कार्यशाला

हमारे जीवन में नियमित ध्यान धारणा की क्या जरूरत है, इस पर जरा सा विचार करें तो हमें स्वयं ही जवाब मिलेगा ईश्वर प्राप्ति के लिए या जीवन में शांति प्रस्थापित हो इसीलिए...सच है। आज आध्यात्मिक ज्ञान की बहुत ज्यादा आवश्यकता है साथ ही, यह भी सच है कि परमात्मा को जानने के जिज्ञासु बहुत कम हैं। धर्मस्थलों में दर्शनार्थ जाने वाले भक्तगणों की तादाद लगातार बढ़ रही है। परंतु अंतर्मन से ईश्वर के दर्शन के आकांक्षी अपेक्षाकृत बहुत कम है। वास्तव में, जो ईश्वर को अपने अंदर महसूस करना चाहते हैं वे साहसी हैं क्योंकि वे अपने अहंकार और क्रोध को परे रखकर ही यह आकांक्षा करते हैं। साथ ही सद्गुणों को अपने चरित्र का हिस्सा बनाने में भयभीत भी नहीं होते हैं। आज लोग यही समझते और मानते हैं कि सद्गुणों वाला व्यक्ति इस समाज में अथाह तकलीफ भोगता है। परंतु ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश करने के बाद भय नष्ट हो जाता है, यह हम अनुभव द्वारा ही जान सकते हैं। सहज योग ध्यान एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से हम बहुत सहजता से ईश्वर से एकाकारिता प्रस्थापित कर लेते हैं। भारत में ही नहीं विदेशों में भी लोगों ने ध्यान योग्य के महत्व को समझा है। ईश्वर के अस्तित्व और शक्ति को वे स्वीकार करते हैं। यहाँ तक कि वैज्ञानिक भी यह मानते हैं कि एक अदृश्य शक्ति है जिससे यह ब्रम्हांड चलायमान है। वो यह समझते हैं कि कभी कभी जहां मानव के सारे प्रयास अर्थहीन हो जाते हैं, वहाँ ईश्वरीय चैतन्य से उस काम को पूर्ण किया जा सकता है। भले ही उन्हें इस चैतन्य की अनुभूति ना हुई हो लेकिन फिर भी अपनी सफलता का श्रेय उस अज्ञात शक्ति देने में वे नहीं हिचकिचाते हैं।

कई बार अपनी सफलता पर हम स्वयं हतप्रभ रह जाते हैं कि यह कैसे हुआ जिसके लिए सोचा भी नहीं था, और यही उस शक्ति का अस्तित्व है। सहज योग ध्यान से हमें इस सत्यता का प्रमाण मिलता है। इस शक्ति को सहज योगी अपने ध्यान धारणा के दौरान अनुभव करते हैं। सहज योग केंद्र में प्रवेश करते ही हमें आध्यात्मिक युग में प्रवेश करने का बोध हमें होने लगता है। सहज योग केंद्र एक ही नियम से चलते हैं। पूरे संसार में सहज



योग के जितने भी केंद्र हैं, हर जगह ध्यान करने की विधि एक ही है। हमारे अंदर स्थित सूक्ष्म शरीर की तीनों नाड़ियों को संतुलित करने का ज्ञान जो सहज योग के माध्यम से पंच तत्वों को साक्षी रखकर किया जाता है, वह अद्भुत है। हम भूतकाल की वेदनाओं और भविष्य की चिंताओं को बडी सहजता से धरती और आकाश तत्व में विलीन कर पाते हैं। सहज ज्ञान वृहद् है। ध्यान सीखना आसान है। पर सुक्ष्मतम ज्ञान को आत्मसात करने हेतु सहज योग केंद्र से जुड़ना जरुरी है। छोटी से छोटी बातें भी गहन है। चक्रों का शरीर के संपूर्ण तंत्र प्रणाली पर नियंत्रण, चक्रों को संतुलित करने की विधि, और किस बीमारी के लिए किस चक्र पर ध्यान इत्यादि को सीखना ही आवश्यक है। सहज योग में पढाई तो नहीं करनी है परंतु सहज ज्ञान को समझना और आत्मसात करना है, जो कोई भी कर सकता है जिन्हें शब्द ज्ञान नहीं वो भी इसे समझ सकता है। तो आइए इस आध्यात्मिक विज्ञान को सीखने के लिए आपका स्वागत है। सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 वेबसाइट www.sahajayoga.org.in

## शब्द बुद्धि का संवाद है जबकि परमशक्ति से योग हृदय का समर्पण

सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी का वर्णन करने योग्य शब्द शायद ही कोई जुटा सकता है। विश्व के अनेक देशों में बड़े शहरों से लेकर छोटे गांवों तक में लाखों साधकों ने श्री माताजी के आशीर्वाद को, उनके गुरुत्व को तथा उनकी दिव्यता को आत्मसात् किया। श्री माताजी का अवतरण मानव सभ्यता के विकास क्रम में एक ऐसा पड़ाव है जो मानव की उत्पत्ति को संपूर्णता प्रदान करता है। श्री कृष्ण ने रणक्षेत्र में अर्जुन के माध्यम से योग, कर्म व भक्ति का जो संदेश इस संसार को गीता के रूप में प्रदान किया श्री माताजी ने उसी ज्ञान को कुंडलिनी की जागृति द्वारा बड़े ही सहज तरीके से साधकों के अंतःकरण में प्रकाशित कर दिया। सहजयोग वास्तव में शब्दों का नहीं वरन् अनुभव का ज्ञान है। शब्द बुद्धि का संवाद है जबकि परमशक्ति से योग हृदय का समर्पण जहां शब्दों के लिए कोई स्थान नहीं होता।

श्री माताजी परमशक्ति हैं कोई भी व्यक्ति उनकी व्याख्या नहीं कर सकता। हम उन्हें कुछ दे नहीं सकते सिर्फ़ उनसे पा सकते हैं। जिस क्षण हम संपूर्ण रूप से उनके श्री चरणों पर समर्पित हो जाते हैं उनकी कृपा का अमृत सभी ओर से हम पर बरसने लगता है। श्री माताजी प्रेम व करूणा का सागर हैं, शक्ति का प्रदीप्त सूर्य हैं, शीतल चेतन्य को प्रवाहित करने वाला चंद्र हैं, धैर्य को धारण करने वाली धरा हैं। उनके लिए कुछ भी असम्भव नहीं बस आपका विश्वास, समर्पण व भक्ति अखंड होनी चाहिए। श्री माताजी ने स्वयं ये दिव्य संदेश दिया है कि, "हर कदम, हर जगह आपके साथ हम खड़े हैं, हर जगह कहीं पर भी आप हो कहीं पर भी आप रहो हर जगह हम आपके साथ हैं काया, मन, वाचा पूर्णतया। यह हमारा प्रॉमिस है एक पल भी आपसे दूर नहीं। जिस पल भी आप आंख बंद कर मुझे याद करेंगे मैं पूर्ण शक्ति लेकर शंख, चक्र, गदा पद्म, गरुण ले सिधाए। एक क्षण भी विलम्ब नहीं लगेगा लेकिन आपको मेरा होना पड़ेगा ये जरूरी है यदि आप मेरे हैं तो एक क्षण भी



नहीं लगेगा मैं आपके पास आ जाऊंगी। सबको परमात्मा सुखी रखे, सुबुद्धि दे, सन्मति से रहो।" श्री माताजी के इस दिव्य आशीर्वाद की छत्रछाया को प्राप्त करने हेतु जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in

# भीषण गर्मी में होगा शुरू नया शिक्षा सत्र , हॉस्टल की लिस्ट 17 को आने की संभावना

दीपक तोमर

मंडलेश्वर ।सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत अब जुलाई से शुरू होने वाला नया शिक्षा सत्र अप्रैल से शुरू हो चुका है।अप्रैल 01 से ही शिक्षकों को स्कूल जाने के आदेश होने के बाद से शिक्षक काम पर आ चुके है।स्कूल में प्रवेश लेने के साथ ही शिक्षकों को अन्य शासकीय कार्यो में भी लगाया जा रहा है अभी कुछ शिक्षक घर घर जाकर समग्र आई डी को लिंक करने में जुटे हुए है।नए शिक्षा सत्र में शिक्षण कार्य नियमित रूप से 16 जून से प्रारंभ होना है।सभी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया भी चल रही हैं।नगर के शासकीय महात्मा गांधी स्कूल में भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से विद्यार्थी प्रवेश हेतु आ रहे है।हाय स्कूल छोटी खरगोन और हाय स्कूल चोली के विद्यार्थी भी मंडलेश्वर के सरकारी स्कूल में प्रवेश के लिए आ रहे है जबकि चोली से बबलाई और छोटी खरगोन से धरगांव नजदीक पड़ता है।मंडलेश्वर एडमिशन चाहने वाले विद्यार्थियों के लिए यहां कृषि संकाय और एन सी सी की सुविधा होना भी आकर्षित करता है।महात्मा गांधी स्कूल क्षेत्र का बहुत पुराना विद्यालय है जिसकी ख्याति अच्छी पढ़ाई के कारण पुराने समय से है।संस्था के प्राचार्य जे के सोनी का कहना है कि 16 जुलाई से पढ़ाई शुरू हो जाएगी भर्ती की प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलती रहेगी।बोर्ड की हाय स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा के दूसरे अवसर के लिए 17 जून से परीक्षाएं आरम्भ होकर 02 जुलाई तक चलेगी।प्रवेश प्रक्रिया के विद्यालय के शिक्षकों की टीम जुटी हैं।शिक्षिकाएं श्रीमती टीना यादव नीतू जाटव विनीता शाक्य नीतू रावल प्रियंका रनसोरे शिक्षक



श्याम सुंदर डोंगरे और सुधीर गोखले प्रवेश कर रहे है।विद्यालय में कृषि विषय के साथ ही गणित बायलॉजी और कॉमर्स विषय संचालित हैं। विद्यालय में एन सी सी का ए सर्टिफिकेट कोर्स होने से इस विद्यालय में सुदूर क्षेत्रों से सेना में जाने के इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं।विद्यालय के एन सी सी अधिकारी थर्ड ऑफिसर राकेश बरिया ने बताया कि 13 वर्ष की उम्र तक के बालकों को एन सी सी ए सर्टिफिकेट कोर्स के लिए प्रवेश दिया जाता है।यह भर्ती एन सी सी बटालियन इंदौर के अधिकारी आकर करते है।अभी हमारे विद्यालय से ए सर्टिफिकेट धारी छात्र राज अखंड का सेना में चयन हुआ है जिसने सफलता पूर्वक सेना की कड़ी ट्रेनिंग पूरी की है।सेना में भर्ती होने वाले विद्यार्थियों को एन सी सी की ट्रेनिंग से काफी अवसर मिलते है।विद्यालय खेल गतिविधियों के लिए भी राज्य स्तर पर अपना परचम लहरा चुका हैं खेल शिक्षक मुस्ताक पठान ने बताया कि राज्य शालेय खेल प्रतियोगिता के विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।खेल और एन सी सी के विद्यार्थियों का मानसिक और शारीरिक विकास भी अच्छी तरह होता है विद्यालय में जितने भी टॉपर निकले है वे एन सी सी और स्पोर्ट्स से जुड़े हुए विद्यार्थी ही है।मानसून की दस्तक हो चुकी है लेकिन बारिश नहीं होने से अभी गर्मी और उमस से लोग परेशान है ऐसे में 16 जून से कम विद्यार्थी के ही स्कूल आने की संभावना है 1 जुलाई के बाद से ही स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ सकेगी।

## पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा रात्री के समय थाना देहात एवं जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये

रात्री के समय पुलिस रात्रि गस्त मे अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । इसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 14-15.06.2025 की रात्री मे जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा रात्री के समय जिले के थानों का औचक निरिक्षण किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के द्वारा रात्री के समय थाना देहात पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया इसी तारतम्य मे एसडीओपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी द्वारा थाना सुभाषपूरा, एसडीओपी करैरा शिवनारायण मुकाती के द्वारा थाना करैरा, एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के द्वारा थाना पिछोर एवं एसडीओपी अजाक अवनीत शर्मा जी के द्वारा थाना तेंदुआ का औचक निरीक्षण किया गया । पुलिस अधिकारियों द्वारा रात्री गस्त को चैक करते हुये थानों का औचक निरीक्षण किया गया है, थानों का आकस्मिक निरीक्षण कर निम्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिये -







1. थाना पर उपस्थित बल के साथ थाने का भ्रमण किया साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया ।
2. थाना की हवालात चैक किया कोई आरोपी नहीं पाया गया न ही कोई व्यक्ति थाना पर बैठा पाया गया ।
3. थाना के महत्वपूर्ण रजिस्टर अपराध, मर्ग, गुम इन्सान, माइक्रो बीट, मेडीकल, गुण्डा, निगरानी रजिस्टर चेक किया ।
4. थाना पर लम्बित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इन्सान के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए एवं लम्बित गिरफ्तारी वारंट, स्थाई वारंट तामील कराने के निर्देश दिए गए ।
5. थाना पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त आदेश निर्देशो का पालन कराने का बताया गया ।
6. रात्रि गश्त अधिकारी को ठीक ढंग से गस्त करने का निर्देश दिया गया ।
7. सीसीटीएनएस सिस्टम चेक किया गया, सारे ऐप सक्रिय पाये गए एवं निरीक्षण रिपोर्ट दर्ज करवाई गई ।

## ग्राम मगरखेड़ी के सर्विस रोड़ पर बनाई वाहनों ने पार्किंग, आवागमन में रोड़ हो रहा है बाधित बड़ी दुर्घटना का हो रहा इंतजार



शिवकुमार राठौड़

कसरावद.मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम मगरखेड़ी में प्रति रविवार को हॉट बाजार लगता है जिसमे आसपास क्षेत्र के करीब बीस से पच्चीस ग्रामों के ग्रामीणों का आना जाना होता है।लेकिन ग्राम से गुजर रहे सर्विस रोड़ पर दुकानदार अपनी मर्जी से वाहन खड़े कर देते हैं।वही ग्रामीण बाजार करने के चक्कर में यहां वहा पूरे रोड़ को कवर कर के रोड़ पर जाम लगने की स्थिति निर्मित कर देते हैं।जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है।वही स्पीड ब्रेकर बनने से कुछ हद तक दुर्घटनाओं में कमी आई है जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है तो वही दूसरी और सर्विस रोड़ पर बेतरतीब ढंग से पार्किंग करने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो रहा है।तो वही ग्राम मगरखेड़ी में सर्विस रोड़ से लगी शराब दुकान पर जाने के चक्कर में अधिकतर बड़े वाहन सर्विस रोड़ से तेज रफ्तार से गुजरते हैं जिसे लेकर रविवार हॉट बाजार होने से ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ता है।रोड़ पर वाहनों की पार्किंग होने से वाहन निकल नही पाते हैं साथ ही कुछ दुकानदार तो सर्विस रोड़ पर अपनी अस्थाई दुकानें लगाकर बैठ जाते हैं। वही फोर व्हीलर पार्किंग सहित बाजार में आने वाले दो पहिया वाहन भी वही सर्विस रोड़ पर खड़े करके चले जाते हैं वही सर्विस रोड़ पर पार्किंग को लेकर पुलिस प्रशासन का भी ध्यान नहीं जाता है जबकि इस मामले को लेकर कही बार चौकी पर अवगत भी करवा दिया गया है।वही इस मामले को लेकर खलटाका पुलिस चौकी प्रभारी अजय दुबे का कहना है की में अधिकारियों से चर्चा करता हु।



# नगर का प्राचीन मंदिर अतिक्रमण के कारण विलुप्ति की कगार पर पहुंचा

गोटेगांव स्थानीय नगर के फुवारा चौक के पास स्थित प्राचीन मंदिर जो कि लगभग 100 वर्ष से भी अधिक राधा कृष्ण का मंदिर स्तिथ है उसके चारों ओर वर्तमान का समय में अतिक्रमण व्याप्त है, प्राचीन मंदिर को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए अभी तक सामाजिक संस्था या स्थानीय प्रशासन में बैठे अधिकारीयों द्वारा कोई खास पहल नहीं की गई, नगर के स्थानीय बुजुर्गो ने बताया कि फुहारा चौक नगर पालिका परिषद के बिल्कुल समीप राधा कृष्ण का प्राचीन मंदिर हुआ करता था, यह मंदिर पहले दूर से ही दिख जाया करता था लेकिन आज इस मंदिर के चारों ओर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है,मानो ऐसा लगता है कि यहां मंदिर नाम का कोई प्राचीन धार्मिक स्थल मौजूद था ही नहीं, इस मंदिर में योगेश्वर भगवान श्री कृष्णा और राधा जी की अद्भुत प्रतिमा स्थापित थी जिनके दर्शन के लिए भक्तगण आते थे लेकिन बीते कई वर्षों से देखा जा रहा है कि उक्त मंदिर कहां चला गया यह नगर में जनचर्चा का विषय बना हुआ है नगर के अनेक नागरिकों ने बताया कि पहले मंदिर में



सुबह-शाम पूजन और आरती होती थी परंतु वर्षों व्यतीत हो जाने के बाद उनके दर्शन करना मुश्किल हो गए हैं,जैसा कि लोगों ने बताया सन 1909 में सेठ गोकुलदास जी ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था इस मंदिर के बनने के बाद इसके पुजारी के द्वारा आरती पूजन सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाते थे परंतु धीरे-धीरे इस मंदिर के चारों ओर इतना अधिक अतिक्रमण फैल गया है,मंदिर उस आक्रमण से बिल्कुल घिर गया है जिससे अब भक्तों को भगवान के दर्शन करना मुश्किल हो रहा हैं जिससे आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं में नाराजगी और रोष व्याप्त है।

### अतिक्रमण को चिह्नित कर मंदिर को मुक्त करने की मांग

नगर के नागरिकों ने स्थानीय शासन प्रशासन से इस प्राचीन मंदिर के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने की गुहार लगाई है उनका कहना है कि प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर के आस पास फैले अतिक्रमण को मुक्त कराया जाए ताकि इस मंदिर में आस्था रखने वाले श्रद्धालु पुनःअपने आराध्य देव के दर्शन कर पूजन अर्चन कर सके।

## बरगी नहरों से पानी हेतु किसानों से 25 जून पूर्व मांग पत्र आमंत्रित



गोटेगांव-वर्ष 2025 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव, नरसिंहपुर एवं करेली तहसील के संबंधित लगभग 183 ग्रामों के किसानों से 25 जून 2025 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर की आरडी 81.30 से 130.670 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमशः केसली माइनर, सिवनी डिस्ट्रीब्यूटरी, मातनपुर माइनर, भदगवां शाखा नहर, अंडिया डिस्ट्रीब्यूटरी, सुरगी डिस्ट्रीब्यूटरी, कंदेली डिस्ट्रीब्यूटरी, रहली डिस्ट्रीब्यूटरी एवं मुख्य नगर 102.00 से 130.860 किमी के बीच डायरेक्ट माइनरों से लगभग 183 ग्रामों की लगभग 8300 हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग गोटेगांव ने दी है।इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग नरसिंहपुर ने संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है कि वे जल उपभोक्ता संथा कुटरी, इमलिया, वेदू, गुंदरई, बम्हनी, मगरधा, बेलखेड़ा, तिंदनी, ठेमी, बौछार, मचवारा, करकबेल, धमना, मैनावारी, नवलगांव, नंदवारा, झगरहाई, सूरजगांव, लुरहेटा, बरखेड़ा, निवारी, खुरपा, गोबरगांव आदि के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर उपसंभाग क्रमांक एक नरसिंहपुर/ क्रमांक एक पाला/ वितरण अनुविभाग करकबेल/ बरहेटा को 25 जून 2025 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध पत्र प्रस्तुत करें।।

## ऑपरेशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत ग्राम घुसट में सीसीटीवी कैमरा स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न



**पुलिस प्रशासन द्वारा अपराध नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज ग्राम घुसट में "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

यह कार्यक्रम श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं एस.डी.ओ.पी. महोदया बागली के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत ग्राम घुसट को जन भागीदारी के माध्यम से पूर्णतः सीसीटीवी कैमरों से सुसज्जित किया गया। इससे गांव की सुरक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर भाजपा संगठन के कार्यकर्ता व ग्राम के सरपंच श्री पप्पू बंजारा सहित समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कैमरा निगरानी व्यवस्था को अपनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को ऑपरेशन त्रिनेत्रम के उद्देश्यों और लाभों की जानकारी दी गई। ऑपरेशन त्रिनेत्रम का उद्देश्य अपराधों पर नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई में सहायता, एवं पारदर्शी और सुरक्षित समाज की स्थापना करना है। ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी इस अभियान की सफलता में अहम भूमिका निभा रही है।

पुलिस प्रशासन द्वारा इस पहल को जिले के अन्य ग्रामों में भी क्रियान्वित करने की योजना है।

# खातेगांव थाने में पुलिसकर्मी सोते रहे, जनता एफआईआर के लिए तरसती रही




खातेगांव थाने से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां पुलिस के एक जवान और एक सब-इंस्पेक्टर थाने के थाना प्रभारी के केबिन में लाइट बंद कर सोते पाए गए. यह तब हुआ जब थाने के बाहर सैकड़ों लोग अपनी एफआईआर दर्ज कराने के लिए घंटों इंतजार कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, खातेगांव थाना प्रभारी कुछ दिनों से छुट्टी पर हैं, जिसके बाद थाने की जिम्मेदारी एसडीओपी (अनुविभागीय अधिकारी पुलिस) की होती है. हालांकि, एसडीओपी महोदय कन्नौद में पदस्थ हैं और उनकी सीधी निगरानी खातेगांव थाने पर नहीं हो पाती. इसी का फायदा उठाकर थाने के पुलिसकर्मी अपनी मनमानी कर रहे हैं...!

जनता के अनुसार, जब उन्होंने पुलिसकर्मियों को जगाने की कोशिश की, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि "हमारी ड्यूटी अभी नहीं है, अभी कोई ठाकुर साहब की ड्यूटी है, वह आएंगे और एफआईआर दर्ज करेंगे." यह घटना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाती है, खासकर तब जब जनता न्याय के लिए दर-दर भटक रही हो और पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी से मुंह मोड़ रहे हों इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि खातेगांव थाने में जवाबदेही और निगरानी का अभाव है. उच्च अधिकारियों को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और जनता का पुलिस पर विश्वास बना रहे।

# किशोर चौधरी के सम्मान में हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह

## मध्य प्रदेश विजिलेंट कंज्यूमर बोर्ड के अध्यक्ष बनने पर हुआ आयोजन

**राजेश धाकड़**



इंदौर। मध्य प्रदेश विजिलेंट कंज्यूमर बोर्ड के अध्यक्ष पद पर किशोर चौधरी की नियुक्ति के उपलक्ष्य में एक भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह इंदौर में आयोजित हुआ, जिसमें शहर के कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.इस अवसर पर इंदौर के महापौर एवं नगर के प्रथम नागरिक श्री पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर लोकसभा सांसद श्री शंकर लालवानी, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जीतू जिराती, क्षेत्र क्रमांक 4 की विधायक एवं पूर्व महापौर श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गोड, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री श्रवण सिंह चावड़ा, नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा उपस्थित रहे।

इसके साथ ही खाती समाज युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन चौधरी, राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता श्री मुकेश अमोलिया सहित अनेक वरिष्ठ जन, समाजसेवी और नागरिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। ज्ञात हो कि किशोर चौधरी को वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता हित में किए गए सराहनीय कार्यों हेतु राज्यस्तरीय एवं संभागीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी अतिथियों ने उन्हें बधाई दी और भविष्य में उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में और भी प्रभावशाली योगदान की अपेक्षा जताई। इस गरिमामय अवसर पर उनका नागरिक अभिनंदन भी बड़े हर्ष और गौरव के साथ किया गया।

## बामंदी के घरों में सम्पन्न हुआ एक कुंडीय गायत्री यज्ञ .

# जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री परिजनों ने किया पौधारोपण .

## अभियान के तहत चेतना केंद्र के हर गांव में प्रत्येक रविवार को होगा आयोजन

**शिवकुमार राठौड़ कसरावद**

कसरावद. अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पर्यावरण शुद्धि , मानसिक शुद्धि और आध्यात्मिक वृद्धि हेतु ग्राम बामंदी में रविवार को 20 घरों में एक जैसी कुंडिय गायत्री महायज्ञ उपाचार्य भाई बहनों के द्वारा संपन्न किया गया। गायत्री परिजनो ने बताया कि सुबह आठ बजे ग्रामीणों और गायत्री परिजनों ने गांव में प्रभात फेरी के माध्यम से लोगो को जाग्रत किया । उसके बाद अलग-अलग घरों में जाकर उपाचार्य भाई बहनों ने ग्रामीण परिवारो के साथ एक कुंडीय यज्ञ किया गया। आहुति डालने में भाव यह किया गया कि वातावरण शुद्ध हो सबको सद्बुद्धि मिले सदज्ञान मिले और ग्राम ,समाज ,देश ,राष्ट्र और समस्त - समस्त विश्व का कल्याण हो। इस हेतु गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां प्रदान की गई। यज्ञ के माध्यम से वातावरण परिशोधन हेतु पूर्णाहुति में संकल्प दिया गया कि हम पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण ,स्वच्छता अभियान ,प्रदूषण मुक्त समाज ,नशा मुक्त राष्ट्र बनाने हेतु सतत प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में गांव के कई परिवारों ने भागीदारी की, अंत में सभी गायत्री परिजनों ने समय दान और अंशदान के लिए लोगों को प्रेरित किया । ततपश्चात गायत्री परिजनों ने किसान परिवारो के साथ खेतो में जाकर त्रिवेणी का पौधा लगवाया। और उस पौधे देखभाल कर बड़ा करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान रोहित पटेल, सतीश पटेल, प्रकाश पटेल, संतोष पटेल और अन्य गायत्री परिजन साथ रहे। गायत्री परिजन रवि पटेल रूपखेड़ा ने बताया कि माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत चेतना केंद्र सोनखेड़ी के अंतर्गत आने वाले गाँवो के घरों में प्रत्येक रविवार को एक कुंडीय यज्ञ व



पौधरोपण किया जाना है। इसका शुभारंभ बामंदी गांव से किया गया। यहां करीब 20 घरों में यज्ञ सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि दुनिया बदल रही है। युग परिवर्तन की इस बेला में लोगों के पास साधन मौजूद हैं, लेकिन साधना की कमी है। इसी कारण ज्ञान, धन और शक्ति मिलकर भी सुख-शांति और सुविधा प्रदान नहीं कर पा रहे हैं। आसुरी शक्ति के विनाश, सुख-शांति और संतुष्टि के लिए गायत्री और यज्ञमय जीवन की आवश्यकता है। वेदमाता, देवमाता और विश्वमाता गायत्री की आराधना ही त्याग, परोपकार, संगठन और दिव्य जीवन की प्रेरणा स्रोत हैं। विश्व की सुख-शांति के लिए यज्ञ का आयोजन आवश्यक है।

गायत्री परिजन लक्ष्मण पटेल ने बताया कि वैदिक मंत्रोचार के साथ यज्ञ में समर्पित आहुतियों से मन तो शुद्ध होता है साथ ही इसके धुम्र से आसपास के पर्यावरण का भी शोध होता है। इस यज्ञ के माध्यम से लोगों में संस्कार एवं आध्यात्मिक विकास को जगाकर यज्ञ के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र को सशक्त एवं शक्तिशाली बनाना, आध्यात्मिक नवजागरण से सूक्ष्म जगत का शोधन, विश्व में शांति स्थापित करना एवं भारत को विश्वपटल पर पुनः जगद्गुरु के रूप में स्थापित करना है।

# विधायक मनोज चौधरी ने कराई हाटपीपल्या के पत्रकारों को धार्मिक यात्रा



हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने कराई हाटपीपल्या के पत्रकारों को धार्मिक यात्रा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह कवड़िया के नेतृत्व में नगर के पत्रकारों का दल हाटपीपल्या से आगरा मथुरा के लिए रवाना हुआ यात्रा गोकुल मथुरा वृंदावन प्रेम मंदिर व आगरा होते हुए हाटपीपल्या आई यात्रा में पंकज पाठक शाकिर मंसूरी अनिल धोसरिया नौशाद पटेल रमेश संदुकलिया करीम खान राकेश पुण्यासी अनिल लाड आशीष जायसवाल सुरेश कछावा नरेंद्र चौहान नेवरी कमल सोलंकी नीरज सोलंकी आदि पत्रकार उपस्थित थे। यात्रा से लौटकर सभी पत्रकारों ने विधायक मनोज चौधरी एवं यात्रा के प्रमुख सूत्रधार अमर अवस्थी का आभार व्यक्त किया।

रणजीत टाइम्स

इंदौर, सोमवार 16 जून 2025



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम  जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!

अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।

टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

# संगठन सृजन अभियान के तहत महू ब्लाक,शहर, मानपुर व सिमरोल मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक ने की रायशुमारी













महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया महू में 14 जून को संगठन सृजन अभियान के तहत महू ब्लाक, शहर कांग्रेस,मानपुर व सिमरोल ब्लाक के समस्त नेतागण एवं कार्यकर्ताओ के साथ आवश्यक बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजस्थान के पूर्व विधायक इंदौर ग्रामीण के पर्यवेक्षक दानिश अबरार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमें जिला अध्यक्ष के लिए कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता से उनके विचार जाने। साथ में प्रभारी अवनीश भार्गव , कैलाश परमार और राहुल शर्मा भी उपस्थित रहें। इस अवसर पर महू विधानसभा के वरिष्ठ नेता सेवादल प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव, कैलाशदत्त पांडे, जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, रामेश्वर पटेल, मृणाल पंत, मुजीब कुरैशी, राधेश्याम पटेल, यदुनंदन पाटीदार, जीतू ठाकुर, शक्तिसिंह गोयल, विजेंद्रसिंह चौहान, जुगनू जादवसिंह धनावत, बाबूलाल भूत,अफसर पटेल, जगदीश यादव,हेमंत पाल, सरपंच कमल चौधरी, एहसान पटेल, बैकुंठ पटेल, मनीष पटेल, पुनीत शर्मा,सोहराब पटेल,मंसूर पटेल, मोहन अग्रवाल, हंसराज वर्मा, पप्पू खान, राजकुमार बागड़ी, आनंद गोगलिया, अजय वर्मा, दिनेश पंचोली, जनपद प्रतिनिधि चंदरसिंह ठाकुर,अशोक आंजना, विक्रम राजपूत, विलीन पाटीदार,मनीष वर्मा, नरेश जोशी, अमित अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, विष्णु मालवीय, शेखर मालवीय,रामचंद्र गुर्जर, सुंदर पटेल,राकीब खान, हुक्कम आंजना, राम पटेल महेंद्र यादव, जगदीश राठौर, नारायण पटेल, अरुण गुर्जर,ओम पटेल,गणेश यादव, अंतर यादव, लियाकत पठान,मुस्ताक खान, गजेंद्रसिंह राठौर,प्रवीण वर्मा, गौरव सोलंकी ,प्रवीण सोलंकी , महेश वर्मा,विनोद पटेल, विजय पाटीदार,जनकेश्वर जोशी, गोविंद शर्मा, कैलाश गोयल जगमोहन सोन, गोविंद टेलर, गौरव शर्मा,धर्मेंद्र चौहान, कमल धानुक, महिला जिला अध्यक्ष रिता डांगरे,श्वेता डिसोजा, प्रेमलता तिवारी, प्रेम चौहान, जया नेगी, डॉ अजय धनावत, सदाशिव पाटीदार, रशीद पटेल,ओमप्रकाश चौहान, संजय चौहान,साकिर खान, मुस्तकीम कुरैशी, सद्दाम पटेल, दीपक चौधरी भगवान चौधरी,प्रकाश चौधरी, रवि चौधरी, इरशाद कुरैशी, रामेश्वर पाटनी,लखन दरबार ,पंकज मीणा, घनश्याम यादव, नरेंद्र मीणा, हेमू चौधरी, सुनील चौधरी, अरविंद गुनावत, रोहित कागट, संजय जयसवाल, शैलेश जाट, पूनमचंद पटेल, दीनदयाल बैरागी, शुभम जैन,मुज्जू भाई, अफरोज खान इत्यादि सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित रहे। संचालन विशाल शर्मा ने किया।